तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

13 सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बांटे रेडियो



14 जल जंगल जमीन का असली मालिक है आदिवासी : कोर्राम











## बैठक : आज गरियाबंद और धमतरी जिले के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा

# सिंचाई के लिए खुलेगा सिकासार जलाशय का गेट, 65 हजार हेक्टेयर को मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए मंगलवार को राहत की खबर आई। खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए जिले के मेजर जलाशय सिकासार बांध का गेट आज से खोला जाएगा। यह निर्णय जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें राजिम विधायक रोहित साहू ने किसानों की मांग पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति के अध्यक्ष बीएस उइके ने की। बैठक में अपर कलेक्टर नवीन भगत, समिति के सचिव एवं कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन सहित जिले के सिंचाई विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी, कृषि विभाग के उप संचालक चंदन रॉय, पीएचई के एसडीओ जागेश्वर मरकाम, चन्द्रशेखर साहू एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यपालन अभियंता बर्मन ने बैठक में बताया कि जिले में एक वृहद जलाशय और 48 लघु जलाशय हैं। सिकासार वृहद जलाशय में वर्तमान में 174.50 मिलियन घन मीटर (87.74%) पानी उपलब्ध है, जबकि 48 लघु जलाशयों में 38.83 मिलियन घन मीटर (50.69%) जलभराव हुआ है। सिकासार जलाशय से गरियाबंद जिले के अंतर्गत पैरी परियोजना दांयी तट नहर के माध्यम से 101 ग्रामों में 26,200 हेक्टेयर और धमतरी जिले के अंतर्गत पैरी परियोजना बांयी तट नहर से 49 ग्रामों में 12,100 हेक्टेयर, इस तरह कुल 38,300 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों के लिए सिंचाई का प्रावधान किया गया है। वहीं, लघु जलाशयों से 27,110 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों को पानी दिया जाएगा।

बारिश कम, फिर भी सिंचाई की गारंटी इस वर्ष अपेक्षाकृत कम वर्षा होने के कारण जलाशयों में क्षमता के अनुरूप पानी नहीं भर पाया है, लेकिन जल संसाधन विभाग ने उपलब्ध पानी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।








### पानी बचाने और फसल चक्र अपनाने की अपील

बैठक में विधायक रोहित साहू ने किसानों से कहा कि खरीफ सीजन के लिए पानी की कमी नहीं होगी, लेकिन सभी को पानी का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने सिंचाई नहरों के कांक्रीटीकरण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। रबी सीजन के संदर्भ में उन्होंने किसानों को धान के बजाय दलहन, तिलहन और अन्य फसलें लेने की सलाह दी। उनका कहना था कि इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहेगी, पानी की खपत कम होगी और किसानों को बेहतर कीमत भी मिलेगी। विधायक ने कहा की पानी की एक-एक बूंद हमारे लिए बहुमूल्य है। किसान भाई इसे व्यर्थ न करें और फसल चक्र अपनाकर भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस निर्णय से गरियाबंद और धमतरी जिले के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा, जो खरीफ फसल के लिए अब निश्चिंत होकर अपनी खेती कर सकेंगे।

## आरईएस के एसडीओ को हटाने की मांग, पंचायत प्रतिनिधि हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर जनपद में पदस्थ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के एसडीओ उत्तम कुमार चौधरी को हटाने के लिए पंचायत प्रतिनिधि एक बार फिर लामबंद हो गए हैं। हाल ही में मैनपुर सरपंच संघ ने एसडीओ पर विकास कार्यों के एस्टीमेट बनाने में भेदभाव और कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। भेदभाव का आरोप- सरपंच संघ का आरोप है कि जिन विकास कार्यों को पंचायतें स्वयं करना चाहती हैं, उनके स्थल जांच और एस्टीमेट बनाने में एसडीओ द्वारा देरी की जाती है। वहीं, ठेकेदारों से जुड़े कामों को प्राथमिकता दी जाती है। कमीशनखोरी- सरपंचों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण हो चुके कार्यों में तकनीकी खामियों का डर दिखाकर भारी लेन-देन किया जाता है। बार-बार शिकायत- सरपंच संघ के अध्यक्ष हलमंत धुर्वा ने बताया कि पिछले कार्यकाल में भी इसी तरह के आरोप लगाकर एसडीओ को हटाने की मांग की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार भी मांग लगातार की जा रही है पर सुनवाई नहीं हो रही है। सरपंच संघ की इस मांग को कई बड़े जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिला है। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम और संजय नेताम ने भी एसडीओ को हटाने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है।

### ऊंची सेटिंग का आरोप

पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि एसडीओ की कार्यशैली से नाराजगी दो साल से चली आ रही है, लेकिन हर बार जांच शुरू होने के बाद ऊंची सेटिंग के कारण मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इस बार भी मामला फाइलों में दबा दिया गया है। सरपंच संघ ने चेतावनी दी है कि अगर एसडीओ को नहीं हटाया गया तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मामले पर एसडीओ उत्तम कुमार चौधरी का पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं लगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल की आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश और जिला संगठन के निर्देशानुसार, भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा 13 अगस्त, 2025 को नगर पंचायत फिंगेश्वर में एक 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा दोपहर 2 बजे रानी श्याम कुमारी चौक से शुरू होगी और पुराना बस स्टैंड पर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय होंगे, जो 'हर घर झंडा' अभियान के तहत इस तिरंगा यात्रा को संपन्न करेंगे। भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष मंजूलता हरित, महामंत्री भुवन साहू और प्रेमलाल टोडर ने कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।



### जिले में स्वतंत्रता दौड़ कल

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरियाबंद जिले में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह 7 बजे गरियाबंद के पुलिस परेड ग्राउण्ड गरियाबंद से प्रारंभ होगी। मेन रोड में जिला कार्यालय परिसर रोड (देवभोग रोड) तरफ सर्किट हाउस होते हुए लगभग 1 किमी तक आगे जाकर वापस पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त होगी। इस दौड़ में जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, जिला अधिकारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल समूह के पदाधिकारी, खिलाड़ीगण आदि शामिल हो सकते हैं।

# खाद की कमी से परेशान किसानों ने 14 को आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर क्षेत्र के किसान इन दिनों खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। सहकारी सोसायटियों में खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों को मजबूरन निजी दुकानों से अधिक दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। लगातार निवेदन के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर, किसान संघर्ष समिति, विकासखंड मैनपुर ने मंगलवार को एक बैठक बुलाई। अध्यक्ष टिकम सिंह कपिल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में किसानों की समस्याओं पर चार घंटे तक गहन चर्चा की गई। समिति ने 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे दुर्गामंच, मैनपुर में सभी किसानों की एक और बैठक बुलाई है। इस बैठक में खाद की कमी को लेकर आंदोलन और चक्काजाम की तारीख तय की जाएगी। समिति के अध्यक्ष टिकम सिंह कपिल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को पर्याप्त खाद और बीज नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि किसान मजबूरी में खुले बाजार से महंगे बीज खरीदकर बुवाई और रोपाई का काम कर चुके हैं और अब उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। सहकारी सोसायटियों से डीएपी, यूरिया और पोटाश जैसे सभी प्रकार के खाद गायब हैं। कपिल ने राज्य सरकार पर किसानों को खाद उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि यह समस्या जल्द हल नहीं हुई तो किसान संघर्ष समिति नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बैठक में वरिष्ठ किसान नेता प्रेमसाय जगत, खेदु नेगी, महासचिव एलियाल बाघमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, यमराज ओटी, बलिराम ठाकुर, गुमान ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## शहीद भृगुनंदन चौधरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण परिवार को किया सम्मानित

# भाजपा मंडल की तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार, भाजपा मंडल बिंद्रानवागढ़ द्वारा मंगलवार को आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ जिला भाजपा कार्यालय से हुआ, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के शुभारंभ अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, डमरूधर पुजारी, जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू , जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा एवं मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने तिरंगा लहराकर देशभक्ति का संदेश दिया। मोटरसाइकिल रैली राष्ट्रीय ध्वज से सजे वाहनों और जोशीले नारों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विश्व प्रसिद्ध शिवलिंग भूतेश्वर नाथ महादेव पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद रैली ग्राम सढ़ौली पहुंची, जहां शहीद भृगुनंदन चौधरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने शहीद के परिवार को सम्मान स्वरूप शाल और श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### रैली में ये रहे शामिल

रैली के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ गगनभेदी देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस आयोजन ने जन-जन में राष्ट्रीय एकता, गौरव और बलिदान की भावना का संचार किया। कार्यक्रम में ईश्वर लाल साहू, सुरेंद्र सोनटेके, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, मिलेश्वरी साहू, बलदेव सिंह हुंदल ,घनश्याम सिन्हा, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, प्रहलाद (टिंकू)ठाकुर, मंडल महामंत्री धनजंय नेताम, त्रिलोक सिंह राठोर, तरुण (पप्पू)ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत मंडल मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम ध्रुव, देवशरण यादव, खेमसिंग, राज डे, प्रतीक सिंह, सरोजनी रात्रे, विनोद नेताम, परमेश्वर सेन, अघन ठाकुर, मुकेश बिसेन, गणेश ध्रुव, कोमल देव सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### शिक्षिका ओमेश्वरी साहू को 'पोस्ट ऑफ मंथ' अवार्ड से नवाजा गया

**पाण्डुका।** जिला गरियाबंद में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट शिक्षकों को हर महीने सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में, विकासखंड छुरा के शासकीय प्राथमिक शाला आसरा की शिक्षिका ओमेश्वरी साहू को जुलाई 2025 का ब्लॉक स्तरीय 'पोस्ट ऑफ मंथ' अवार्ड प्रदान किया गया है। ओमेश्वरी साहू को यह सम्मान विनोबा ऐप पर 1027 शैक्षणिक गतिविधियां, टीएलएम और 'बोलेगा बचपन' टूल्स अपलोड करने के लिए दिया गया है। छुरा के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में विनोबा के जिला कार्यक्रम समन्वयक शुभम पटेल और बीआरसीसी एचके देवांगन ने ओमेश्वरी साहू को प्रशस्ति पत्र और विनोबा सहायक शिक्षण सामग्री टूल्स बैग प्रदान कर सम्मानित किया। दोनों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### मुस्लिम समाज ने आदिवासी समाज की रैली का किया जोरदार स्वागत



**मैनपुर।** मैनपुर तहसील मुख्यालय में मुस्लिम समाज ने भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर निकाली गई आदिवासी समाज की रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। मस्जिद के सामने मुस्लिम समाज के लोगों ने रैली में शामिल लोगों को शरबत पिलाया।
इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, आदिवासी नेता महेंद्र नेताम और लोकेन्द्र कोमर्रा ने मुस्लिम समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैनपुर में हमेशा से भाईचारा देखने को मिला है और मुस्लिम समाज ने आज जो मिसाल पेश की है, उसका संदेश पूरे समाज में जाएगा। इस मौके पर जाहिद रजा, अजहर मेमन, कादिर मेमन, शेख हुसैन, शाहरुख खान, असलम मेमन, सुल्तान मेमन, रिजवान मेमन और अन्य मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### पत्रकार नेमीचंद हुए सम्मानित



**फिंगेश्वर।** सतनामी समाज ने सोमवार को ममतामयी गुरुमाता और प्रदेश की प्रथम महिला सांसद स्वर्गीय मिनीमाता जी की 53वीं पुण्यतिथि पर 'स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान' समारोह का आयोजन किया। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी और राजश्री सद्भावना समिति के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के वृंदावन हाल में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश भर की 251 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, वीरता, विधि, पत्रकारिता, कला, साहित्य और समाजोत्थान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, 10वीं/12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों, नीट चयनितों और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया। सभी को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और बुके भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने गरियाबंद जिले के नेमीचंद बंजारे को पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, मिनीमाता मोमेंटो और शॉल प्रदान किया गया। इस सम्मान पर सतनामी समाज के प्रमुख सदस्यों और गरियाबंद जिले के कई पत्रकारों ने नेमीचंद बंजारे को बधाई दी।

## कार्यक्रम : नगर के फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ

# विज्ञान का छात्र कला एवं वाणिज्य के विषय भी पढ़ सकता है : गोलछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवादास बंजारे के द्वारा किया गया। डॉ. बंजारे ने नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों से परिचित कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्र-छात्राओं की ज्ञानार्जन के साथ जीविकोपार्जन के लिए आवश्यक कौशलों के विकास पर जोर देता है। महाविद्यालय के एनईपी संयोजक रितेश गोलछा ने नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए उन्हें एनईपी 2020 के अन्तर्गत डीएससी, डीएसई, जीई, वीएसी, एईसी, एसईसी आदि महत्वपूर्ण शब्दों का विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। प्रो. गोलछा ने कहा अब विज्ञान का छात्र कला एवं वाणिज्य के विषय भी पढ़ सकता है। डॉ. अलका कौशिक ने छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 के अन्तर्गत क्रेडिट प्रणाली का विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि एनईपी 2020 छात्रों को मल्टीपलाई इंट्री व मल्टीपलाई इक्जीट की अनुमति देता है। प्रो. कपूर ने छात्र-छात्राओं के समक्ष सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जीई छात्रों के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों ज्ञान का समग्र मूल्यांकन करता है तथा उनके सवांर्गीण विकास करता है। प्रो. निषाद ने छात्र–छात्राओं को जीई चयन के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि जीई विषय का चयन रूचि,उपयोगिता एवं दूरदर्शी परिणामों को ध्यान में रखकर करना चाहिए। महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता उर्वशी चंद्राकर ने बीए, बीकॉम एवं बीएस-सी के छात्रों के लिए महाविद्यालय में उपलब्ध जीई विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया। अतिथि व्याख्याता डॉ. मोहन सिंह द्वारा छात्र–छात्राओं एईसी विषयों से परिचय करते हुए कहा कि ये विषय छात्रें के योग्यता बढ़ाते हुए उनमें जागरूकता लाते है।




### एक साल की पढ़ाई पर भी मिलेगा सर्टिफिकेट

वाणिज्य विभाग के अतिथि व्याख्याता दविन्दर कौर ने स्नातक कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर के लिए निर्धारित क्रेडिट का उल्लेख करते हुए कहा कि विशेष परिस्थिति में छात्र केवल एक वर्ष अध्ययन करता है तो भी उसे सर्टिफिकेट विश्वविद्यालय के द्वारा जारी किया जाएगा। बषर्ते न्यूनतम निर्धारित क्रेडिट व अर्जित कर लें। विभिन्न संकायों के एनईपी एम्बेसडर्स ने छात्र–छात्राओं को जीई के संबंध में मार्गदर्शन दिया तथा उनके सवालों का जवाब सहजता से दिया। कार्यक्रम के अंत में रसायन विभाग के अतिथि व्याख्याता देवेन्द्र पटेल ने सभी छात्र–छात्राओं व वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गौठान का नाम बदलने से क्या होगा ये योजना कांग्रेस की थीः धनेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार गौठान के बदले गौधाम खोलने जा रही है। सिर्फ नाम बदलकर नई बोतल में पुरानी शराब भरने में भाजपा सरकार ने दो साल लगा दिया। गौठान शब्द हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति में स्थापित गांव की गौरवशाली पारंपरिक नाम था। छत्तीसगढ़ में गौधाम शब्द का कही भी प्रयोग नही होता। कहा कि ये लोग छत्तीसगढ़ के संस्कृति के विरोधी है। इन्हें छ.ग. की संस्कृति से सरोकार नही है। श्री साहू ने कहा कि गौठान नाम से भाजपा सरकार को इतनी नफरत है तो 2 साल का समय नाम बदलने में क्यों लगा दिये? जो व्यवस्था कांग्रेस शासन काल में सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। उसे लगातार जारी न रखकर वर्तमान की भाजपा सरकार ने उसे लावारिस हालत में छोड़ दिया। कांग्रेस शासन के 5 साल में सरकारी कोष से करोड़ों रूपया खर्च कर अनेको गौठान गांव-गांव में बनाया गया जो आत्म निर्भर हो गया था। शासन की कही सहयोग की जरूरत नही रह गया था। यहां पर वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन के अतिरिक्त महिला समूहों बाड़ी योजना के अंतर्गत सब्जी उगाकर बेचते थे एवं मछली-मुर्गी पालन करते थे जिसके कारण गोठान आर्थिक रूप से सक्षम बन गया था। दो साल तक भाजपा सरकार द्वारा गौठानों की अनदेखी के कारण अनेकों गौठान बर्बाद हो गया है। फेंसिंग तार, गौठान में लगा पम्प, तौलने का सामान एवं शेड आदि चोरी हो गया है। लावारिस होने की स्थिति में करोड़ों की राशि का नुकसान इससे हुआ है। कांग्रेस सरकार की गौवंशो की रक्षा एवं महिला समूहों को आत्म निर्भर बनाने की महात्वाकांक्षी योजना थी जो लगभग सफल हो गई थी जिसे भाजपा की सरकार आते ही विध्वंस कर दिया। श्री साहू ने कहा कि भाजपा शासन के गौधाम योजना की घोषणा में गौ सेवक एवं चरवाहा को वेतन देने की बात तो कही गई है लेकिन चारा-पानी की व्यवस्था कैसे होगी एवं अन्य रख-रखाव, संचालन के लिए गौठान को कितनी राशि दी जायेगी। साथ ही साथ गौधाम कब तक प्रारंभ होगी? यह सरकार ने स्पष्ट नही किया है। प्रदेश में सैकड़ो की संख्या में गौवंश वाहनों से कुचल कर मर रहे है। किसानों की लाखों रूपये की फसल बर्बाद हुआ है। आज कई हजारो की संख्या में दुघर्टना से एवं,भूख,प्यास से मौत होने पर भाजपा सरकार की गौरक्षा करने की भावना, शासन में आने के दो साल बाद जागी है।



## आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने निकाली हर घर तिरंगा रैली, रंगोली प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




भारत सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव के तहत और छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार, गजानन प्रसाद देवांगन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, छुरा के विद्यार्थियों ने 'हर घर तिरंगा अभियान 2025 में भाग लिया। इस अभियान के तहत छात्रों ने नगर में एक तिरंगा रैली निकाली और नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से व्यक्तिगत और भावनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा।

इस अभियान के तहत, सबसे पहले विद्यार्थियों ने तिरंगा प्रतिज्ञा ली, जिसके बाद नगर में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में 230 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में एक तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बहुत सुंदर रंगोलियां बनाईं। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के कैवल्य पटेल ने प्रथम स्थान और कक्षा 12वीं की संजना चंद्राकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य एन.सी. साहू, व्याख्याता विनोद कुमार देवांगन, मनीषा जोशी, केशव प्रसाद साहू, और अन्य शिक्षकगण के साथ-साथ समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

## पोंड गांव में भाजपा ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



ग्राम पोंड में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी के नेतृत्व में 'मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा' के नारे लगाते हुए एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पंचायत भवन से शुरू होकर बस स्टैंड और शिशु मंदिर होते हुए बाजार चौक पर समाप्त हुई। मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने बताया कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का हिस्सा है कि पूरे देश के हर घर में तिरंगा लगे, जिससे लोगों में देश प्रेम और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से भाजपा और आमजन के सहयोग से राष्ट्रीय पर्व पर हर घर तिरंगा लगाकर देश का सम्मान बढ़ाया गया है और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी ने भी अपना संबोधन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले तीन वर्षों से चलाए जा रहे 'मोर तिरंगा मोर अभिमान' अभियान पर विस्तार से बात की। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और गांव के गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पोंड ग्राम पंचायत की सरपंच कवर, उपसरपंच, सचिव युवराज सिन्हा और पंचगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल गरियाबंद की ओर से मंत्री हेमलता साहू, गायत्री पटेल और वरिष्ठ कार्यकर्ता टीकमचंद साहू सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## चंपारण में गोस्वामी समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह चंपारण में आयोजित हुआ। इस समारोह में अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य डॉ. गिरधर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में ओंकार पुरी, प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, अशोक गिरी, भूपेन्द्र पुरी और विश्वनाथपुरी गोसाई की गरिमामयी उपस्थिति में नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुन्दन, महासचिव उमेश गिरी, कोषाध्यक्ष प्रशांत गिरी और समस्त कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाना और जिले में होने वाली हर गतिविधि की जानकारी प्रांतीय समाज को देना शामिल है। संगठन को मजबूती प्रदान करने और उसे सक्रिय बनाने के लिए प्रत्येक जिले में प्रांतीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की गई। कार्यक्रम का संचालन नवनिर्वाचित प्रांतीय महासचिव उमेश गिरी और दत्तप्रकाश समाजिक पत्र के सह-संपादक विरेन्द्र रमन गिरी ने किया। अंत में, पूर्व प्रांताध्यक्ष अशोक गिरी ने आभार व्यक्त किया।



## कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में मनाया गया पुस्तकालय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

**नवापारा-राजिम।** कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में पुस्तकालय दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस भारतीय पुस्तकालय आंदोलन के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सहायक प्राध्यापक पीयूषकांत भारद्वाज ने डॉ. रंगनाथन के योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का अमूल्य भंडार है और यह विद्यार्थियों के बौद्धिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारद्वाज ने डॉ. रंगनाथन द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय विज्ञान के पांच नियमों का भी उल्लेख किया, जिनमें 'पुस्तक प्रत्येक पाठक के लिए है' और पाठक का समय बचाएं' जैसे सिद्धांत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन सिद्धांतों का पालन करने से पुस्तकालय की उपयोगिता बढ़ती है। महाविद्यालय की प्राचार्य मधुरानी शुक्ला ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने और पढ़ने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्या का समाधान नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन : नत्थूराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारतीय किसान संघ से जुड़े किसान नेता नत्थूराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे है। इन समस्याओं की ओर शासन स्तर में ध्यान नही दिया जा रहा है। समय में निर्धारित दर पर खाद नहीं मिल रहा है। सरकारी समितियों में खाद की कमी हो गई है। बाजार में व्यवसायी मनमाने दर पर खाद की बिक्री कर रहे है। व्यापारियों के गोदाम खाद से भरे पड़े हैं। व्यवसाईयों के ऊपर नकेल कसने की जरूरत है। श्री साहू ने कहा कि किसानों के खेत सूख रहे हैं। नहर का पानी जिम्मेदार लोगों द्वारा छोड़ा नहीं जा रहा है। यह समस्या लगातार बनी हुई है। समाधान शीघ्र नहीं गया तो किसानों का आक्रोश भड़क सकता है। बिजली की समस्या से किसान त्रस्त हैं। बार-बार बिजली चले जाने से खेतों का सही सिंचाई नहीं हो पा रहा है जिसके चलते कृषि कार्य पिछड़ गया है। श्री साहू ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने नत्थूराम साहू, रामलाल साहू, गोविंद साहू, रवि पाल, दुर्गा पाल, फुलस साहू, टिकेंद्र साहू, नीरज चंद्राकर, मुकेश चौधरी, चूड़ामणि निर्मलकर, खुमान सिंह, गिरधारी सागर,आलोक चौधरी, हेमलता, देव नारायण सिन्हा आदि शामिल थे।

## रोहित ने दो एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना प्राथमिकता : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई गति

जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से राजिम के विधायक रोहित साहू ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से दो नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये एम्बुलेंस आदिवासी विकास विभाग द्वारा राज्य आयोजना-कमार भुंजिया अभिकरण के अंतर्गत छुरा और मैनपुर विकासखंड के लिए प्रदान की गई हैं। यह एम्बुलेंस विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल वैन के तौर पर काम करेंगी। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इन नई एम्बुलेंस के मिलने से दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिलेगी और आपात स्थिति में उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में राज्य शासन द्वारा और भी एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।



**24 घंटे उपलब्ध रहेंगी एम्बुलेंस-** कलेक्टर बी.एस. उइके ने स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये वाहन 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और किसी भी आपात स्थिति में इनका उपयोग किया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एस. नवरत्न ने बताया कि दोनों एम्बुलेंस आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित हैं। इनमें ऑक्सीजन सिलेंडर, प्राथमिक उपचार किट और मरीजों की सुरक्षित ढुलाई के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं मौजूद हैं, जिससे जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा और भी सशक्त होगी। इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर नवीन भगत, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन और अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।




### चरभट्ठी व देवगांव में निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत मुख्यालय चरभट्ठी और उसके आश्रित गांव देवगांव में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच राजेंद्र साहू के नेतृत्व में, पंचायत के पंचों और ग्रामीणों ने अलग-अलग मार्गों पर यह यात्रा निकाली। सरपंच राजेंद्र साहू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस का उल्लास मनाए और राष्ट्रीय एकता का संदेश दे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान पूरा गांव भारत माता की जय/" और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। लोगों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। इस तिरंगा यात्रा में सरपंच डॉ. राजेंद्र साहू, सियाराम साहू, देवसरण साहू, बैदराम साहू, तेजराम ध्रुव सहित कई पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला में 10 हजार रिक्त पदो पर होगी भर्ती

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ, रायपुर के अंतर्गत राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन सितंबर 2025 के प्रथम सप्ताह में रायपुर में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न सेक्टर जैसे- आईटी, कम्प्युटर, हॉस्पिटल, हॉस्पिटलिटी, फार्मेसी, सेल्स एवं मार्केटिंग, इंश्योरेंश, बैकिंग, फाईनेंस एकाउटिंग एवं सर्विस सेक्टर आदि के लगभग 10 हजार रिक्त पदो के लिए रोजगार मेला में भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेला में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई डिप्लोमा, इंजीनिरिंग इत्यादि शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताधारी आवेदक भाग ले सकते है। नियोजक एवं आवेदक दोनों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। सभी प्रतिभागियों को रोजगार विभाग के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट इन पर जाकर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा।

### ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी की कलाइयों में बांधी राखी

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाई स्कूल रोहिना में शाला परिवार द्वारा रक्षाबंधन का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की सभी बहनों ने सभी भैया की कलाइयों में राखी बांध कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी भैया ने भी बहनों को मिठाई खिलाकर उन्हें अपना आशीष प्रदान किया। विद्यालय के शाला नायक खुशबू यादव ने हेलीपैड ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक राधाचरण प्रधान को तिलक लगाकर राखी बांधी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बहनों की सुरक्षा के लिए वचन मांगी। लीला पटेल ने शिक्षकों को राखी बांध कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

### वाटर पोलो में भूथिया स्कूल के 4 का चयन

**सरायपाली।** शासकीय उमावि के 4 बच्चों का चयन वाटर पोलो में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार संभाग स्तरीय वाटर पोलो प्रतियोगिता के लिए करन भोई, जितेश काण, अर्जुन धराई एवं रोशन बरिहा का चयन हुआ है। स्कूल के विद्यार्थियों के चयन पर प्राचार्य विक्रम यादव, व्याख्याता मधुमंगल प्रधान, सत्यनारायण पटेल, डिग्रीलाल प्रधान, सीमा सेठ, पुष्पा चौधरी, चूड़ामणि चौधरी, सचिन स्वाईं, सुधीर मांझी, आकाश बघेल, बनिता आचार्य, अंजलि नायक, सरपंच गोकुल भोई, अध्यक्ष तरुण भोई एवं अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी स्कूल के व्यायाम शिक्षक शिव पटेल ने दी है।

### ब्रम्हाकुमारी विवि में मनाया गया रक्षाबंधन

**महासमुंद।** एकल विद्यालय संच कोमाखान व प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय के बहनो व भाइयो ने एक दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन मनाया। कार्यक्रम प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी भवन कोमाखान में संपन हुआ इस अवसर पर एकल अभियान संच कोमाखान के अध्यक्ष आशीष राव वाकडे, सचिव कैलाश जैन, संच प्रमुख कोमाखान - मदन लाल साहू, डोमेश्वरी बीके, फुलेश्वरी बीके, डालेश्वरी सोनवानी तथा सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

### विषय चयन के लिए तारीख तय

**महासमुंद।** स्नातक तृतीय सेमेस्टर समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं हेतु 14 अगस्त का विषय चयन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक समस्त संकाय के तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त कैरिकुलम के अनुसार विषयों का चयन किया जाना है। इस संबंध में प्राचार्य करूणा दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के बैठक में आज दिनांक 12 अगस्त को संकायवार स्नातक तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु विषय चयन हेतु दिनांक 14 अगस्त को समय 11 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित करने हेतु सहमति दी गई।

---

### स्कूली बच्चे पहुंचे मैनपुर थाना, पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से जाना

# ट्रैफिक नियमों पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता एसडीओपी ने छात्रों को दिया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के छात्रों ने मंगलवार को पुलिस थाने का दौरा किया। एसडीओपी विकास पाटले और थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने बच्चों को पुलिस के कामकाज और गतिविधियों की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने छात्रों को कंट्रोल रूम, मालखाना और बंदीगृह जैसे विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करवाया। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई। पुलिस के कामकाज को देखकर छात्र बहुत उत्साहित और खुश दिखे।

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया पुलिस थाने का दौरा

इस दौरान कुछ दिन पहले हुई ट्रैफिक नियमों पर पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। बेहतर पेंटिंग बनाने वाले छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। थाना प्रभारी ने बच्चों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया और उन्हें कानून, ट्रैफिक नियमों और महिला सुरक्षा से जुड़े कई अधिकार व कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं से किसी भी प्रकार की प्रताड़ना होने पर बिना डरे स्कूल के शिकायत बॉक्स में लिखकर डालने की सलाह दी। थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने बच्चों को चेतावनी दी कि नाबालिग वाहन न चलाएं, क्योंकि यह कानूनी रूप से गलत है। प्राचार्य विश्राम नागेश ने बताया कि पुलिस से मिलकर और थाने के काम को देखकर बच्चे बहुत उत्साहित हैं। कई बच्चों ने बड़े होकर पुलिस इंस्पेक्टर बनने और देश की सेवा करने की इच्छा भी जाहिर की।





#### फिल्म अभिनेता आकाश ने भी दिए यातायात नियमों के टिप्स

मैनपुर थाने में छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता आकाश सोनी और अभिनेत्री काजल सोनबेर ने भी बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने और नाबालिगों को वाहन न चलाने की सलाह दी। बच्चों ने अपने पसंदीदा फिल्म अभिनेता से मिलकर काफी खुशी जाहिर की। इस कार्यक्रम में सब-इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर गंगवाल, हितेश सोनी, प्राचार्य विश्राम नागेश, जावेद मेमन, रामेश्वरी ध्रुव, गीता यादव और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# नवापारा नगर पालिका को स्वच्छता में मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नवापारा नगर पालिका को स्वच्छता के लिए सम्मानित किया गया है। बिलासपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'स्वच्छता संगम-2025' कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नवापारा नगर पालिका को रायपुर संभाग स्तर पर शिकायत निवारण, अपशिष्ट प्रबंधन, दार्शनिक स्वच्छता और नागरिक प्रतिक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष श्रेणी पुरस्कार से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ के कुल 192 नगरीय निकायों में से नवापारा नगर पालिका ने 21वां स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्रदेश के कुल 38 नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों को सम्मानित किया गया। नवापारा की तरफ से नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सीएमओ लवकेश पैकरा, अभियंता शिव कुमार गर्ग और स्वच्छता दीदियों ने यह पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया।

**नगर को साफ-सुंदर रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता-** नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू ने इस सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, नगर को साफ, सुंदर और स्वच्छ रखना हमारी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नगर की सफाई में पालिका कर्मी, स्वच्छता कर्मचारी और स्वच्छता दीदियां लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में उनका प्रयास रहेगा कि नगर और भी साफ, स्वच्छ और सुंदर बने, जिसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए नगर वासियों, पालिका कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को धन्यवाद दिया।

---

# सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बांटे रेडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के घोर नक्सल प्रभावित गांव छिंदौला में 65वीं बटालियन सीआरपीएफ ने मंगलवार को एक 'सिविक एक्शन प्रोग्राम' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम छिंदौला थाना कैंप में कमांडेंट राधे श्याम सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छिंदौला, फरसरा, दबनई, लुठापारा, धोबीपारा, खोलापरा, दड़ईपानी, जरनडीह, लेडीबहार और सिहार समेत दस गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। सीआरपीएफ ने इन ग्रामीणों को रेडियो वितरित किए। रेडियो पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी और बदलाव की उम्मीद साफ नजर आई। उन्होंने इस पहल के लिए सीआरपीएफ के प्रति आभार जताया।



उप कमांडेंट सुधेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को समाचार, शिक्षा, सरकारी योजनाओं की जानकारी और मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराना है। इससे सुरक्षा बलों और आम जनता के बीच विश्वास मजबूत होगा। सुधेंद्र सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी भागीदार है। उन्होंने बताया कि रेडियो के माध्यम से ग्रामीण देश और दुनिया से जुड़ सकेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को नक्सली गतिविधियों की जानकारी दी और उन्हें भयमुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने सीआरपीएफ की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

उप कमांडेंट ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहेंगे, जिससे सुरक्षा बल और ग्रामीणों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से जवानों के साथ तालमेल बनाए रखने की अपील भी की। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

इस कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट रामानंद प्रसाद, सहायक कमांडेंट राजीव रतन, निरीक्षक पीयूष कुमार सिंह, निरीक्षक हरेन्द्र कुमार सिंह, सरपंच रश्मीला देवी और अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा बल के जवान उपस्थित थे।

### श्यामनगर में बिहान समूह ने निकाली हर घर तिरंगा और स्वच्छता रैली

**श्यामनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के मार्गदर्शन में, शुभ सवेरा महिला क्लस्टर संगठन, श्यामनगर द्वारा 'हर घर तिरंगा, घर-घर स्वच्छता, 'स्वच्छता का उत्सव' और 'स्वच्छता के संग' कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा के



जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, ग्राम पंचायत की सरपंच सुलोचना वामन निर्मलकर सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। अतिथियों और ग्रामीणों ने मिलकर एक रैली निकाली, जिसके माध्यम से उन्होंने स्वच्छता का संदेश दिया। सभी ने स्वच्छता की शपथ ली और अपने गांव को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में श्यामनगर के प्राथमिक शाला के बच्चों और शुभ सवेरा महिला क्लस्टर संगठन के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

---

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कलेक्टर बीएस उईके ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के लिए जिम्मेदारी दी गई है। उस पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस गरीमामय ढंग से मनाया जायेगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आमंत्रण कार्ड, मैदान की तैयारी, बैरेकेटिंग, रिहर्सल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य तैयारी की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किये जा रहे कार्यो के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि भारत सरकार द्वारा गरियाबंद जिले को रिनेवल एनर्जी के रूप में चयन किया गया है। जिसमें भारत सरकार के अधिकारियों की टीम आकर फिल्ड में जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। इकसे लिए उप अभियंता क्रेडा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने क्रेडा के उप अभियंता को निर्देशित किया कि अधिकारियों को आने से पूर्व जगह का चिन्हांकन कर ले। उनके आने के उपरांत साईट विजिट कराये। श्री उइके ने कहा कि अधिकारियों को किसी भी प्रकार के मांग, शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर उसका नियमानुसार कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में दर्ज राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उच्च न्यायालयों, माननीय मंत्रीगणों के कार्यालय से प्राप्त पत्रों सहित जनदर्शन, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, लोक संवाद, सीपी ग्राम सहित उच्च कार्यालयों के लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में वय वंदना योजना की समीक्षा करते हुए 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो का वय वंदना स्वास्थ्य कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वय वंदना कार्डधारी उक्त श्रेणी के बुजुर्गों को सामान्य आयुष्मान कार्ड की सुविधाओं के अतिरिक्त 5 लाख रूपये के स्वास्थ्य ईलाज की अतिरिक्त सुविधा मिलती है।

---

# परसदा में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परसदा विद्या मंदिर में अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम' की थीम पर आधारित था। इस अवसर पर आम, कटहल, आँवला, सीताफल, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। विधायक इंद्रकुमार साहू ने उपस्थित बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पौधे लगाना तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन उनकी देखरेख कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू और विद्यालय की प्राचार्य कल्पना तिवारी ने भी पर्यावरण संतुलन के विषय पर अपने विचार रखे। इस आयोजन में जनपद सदस्य रामेश्वर निषाद, सरपंच किरण साहू, उपसरपंच जगदीशचंद्र साहू, स्कूल समिति के अध्यक्ष विक्रम साहू सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।




---

# पेंड्रा विद्यालय में नशामुक्ति का अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पेंड्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गायत्री परिवार, जिसे अखिल विश्व गायत्री परिवार भी कहा जाता है। अक्सर नशा मुक्ति के लिए जागरुकता अभियान चलाता है, जिसमें स्कूल भी शामिल हैं। गायत्री परिवार के सदस्य आत्मा राम ठाकुर ने स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को नशा मुक्ति के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए रैलियां निकाली गई। गायत्री परिवार के सदस्य छात्रों को नशा मुक्ति के बारे में प्रवचन देते हुए उन्हें प्रेरित किया गया। गायत्री परिवार का मानना है कि नशा मुक्ति एक सामाजिक जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। ठाकुर ने छात्रों से कहा अपने इस अमूल्य जीवन में कभी भी दुर्व्यसन को नहीं लाएंगे। आगे कहा दुर्व्यसन वर्तमान समय में हमारे समाज में अपराध, पारिवारिक कलह, रोगी काया, धन का अपव्यय, बीमारी, दुर्घटनाएं, दुष्कर्म, स्वच्छता में अवरोध आदि समस्याओं उभर कर सामने आ रही है। अतः इन समस्याओं के समाधान हेतु हमें इस नशा रुपी राक्षस का अंत कर देना चाहिए। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा समाज व राष्ट्र के नैतिक, संस्कृतिक, आध्यात्मिक पुनरूत्थान के लिए व्यसन मुक्ति आंदोलन के अंतर्गत नशामुक्त क्षेत्र में बनाने का संकल्प लेकर इसकी सफलता के लिए व्यापक जन जागरण के साथ संकल्प हस्ताक्षर अभियान व नशे से होने वाली हानियों और इससे बचने के उपायों जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन, पुस्तिका एवं पत्रकों का वितरण,सभा, संगोष्ठियों, रैलियों व कार्यशालाओं आदि के माध्यम से आम जन को नशामुक्त बनाने व इससे दूर रहने के संकल्प कराने आदि का प्रयास क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। इस दौरान स्कूल के समस्त शिक्षक स्टाप और ग्रामीण उपस्थित थे।



---

### बुराई को रोकने के लिए विश्वविद्यालय में एक एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन

# रैगिंग छात्रों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : बिस्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रायोजित एंटी-रैगिंग सप्ताह का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करना और शैक्षणिक परिसर को भयमुक्त बनाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि रैगिंग न केवल एक दंडनीय अपराध है, बल्कि यह विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्म-सम्मान को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि अपराध में वृद्धि से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और रैगिंग भी इसी प्रकार का एक अपराध है, जो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित करता है। इस बुराई को रोकने के लिए विश्वविद्यालय में एक एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें प्रत्येक विभाग के सदस्य शामिल हैं। रिसर्च एक्सपर्ट प्रतीक्षा, जो कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता थीं, ने रैगिंग को वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठ छात्रों के साथ किया जाने वाला अपमानजनक व्यवहार बताया। उन्होंने कहा कि यह छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है, इसलिए इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।






#### छात्रों को दिया गया मित्रता और सहयोग का संदेश

शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए छात्रों को सलाह दी कि वे रैगिंग को बढ़ावा देने वाले लोगों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जूनियर्स के प्रति हमेशा मित्रता का भाव रखना चाहिए और आवश्यकतानुसार उनकी मदद करनी चाहिए। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने रैगिंग को छात्रों के शैक्षणिक और मानसिक विकास में बाधक बताते हुए इसे समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह के दौरान छात्रों के लिए कई गतिविधियां, जैसे वर्कशॉप, सेमिनार और क्विज आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन ट्विंकल दीपक ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक आचार्य डॉ. अश्वनी कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर सभी संकायों के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

# उदंती रिजर्व में स्कूली बच्चों के साथ मनाया विश्व हाथी दिवस



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के ईको सेंटर कोयबा में विश्व हाथी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फील्ड डायरेक्टर श्रीमती सतोविशा समाजदार और डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान फील्ड डायरेक्टर सतोविशा समाजदार ने स्कूली बच्चों को पारिस्थितिकी तंत्र में हाथी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पृथ्वी पर पाए जाने वाले हर जीव-जंतु (थलचर, जलचर, उभयचर, नभचर) की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी स्कूल प्रबंधन को सहायक संचालक उदंती (मैनपुर), रेंज ऑफिसर उत्तर उदंती, रेंज ऑफिसर इंदागांव और रेंज ऑफिसर दक्षिण उदंती द्वारा प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में प्रशिक्षु रेंज ऑफिसर और तीनों परिक्षेत्रों के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बोरसी में ज्वेलर्स व कपड़ा बाजार का भव्य शुभारंभ

**छुईहा-बेलर।** चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम के संचालक संत गोवर्धन शरण महाराज और गिरिराज भगत बाबा (परेवाडिही वाले) के आगमन पर बुधवार को बोरसी में सुरभि ज्वेलर्स और संतोष कपड़ा बाजार का भव्य शुभारंभ हो रहा है। कार्यक्रम के संचालक संतोष, मधु, सौरभ और शुभांक देवांगन ने बताया कि संतों के चरणकमल और मार्गदर्शन में यज्ञ, हवन और पूजन के साथ दोनों दुकानों का उद्घाटन किया जाएगा। संतोष देवांगन ने कहा कि उनका लक्ष्य ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें एक यादगार अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र की सबसे बड़ी ज्वेलरी और कपड़े की दुकान होगी।



**समारोह : हजारों आदिवासियों ने पारंपारिक वेशभूषा के साथ तीर धनुष लेकर भव्य रैली निकाल जमकर थिरके**

# जल जंगल जमीन का असली मालिक है आदिवासी : कोर्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

तहसील मुख्यालय मैनपुर में आज सर्व आदिवासी समाज द्वारा विश्व आदिवासी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के महिला, पुरुष और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा, तीर-धनुष और ध्वज के साथ एक विशाल रैली निकाली। देर शाम तक ये लोग पारंपरिक गीतों पर जमकर थिरके। मैनपुर नगर एक तीर एक कमान, सभी आदिवासी एक समान/" और /"जय जोहार/" के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे सामुदायिक भवन में देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष भुवनसिंह कोर्राम ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज की युवा पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के असली मालिक आदिवासी हैं, लेकिन हर क्षेत्र में सरकार में बैठे लोग उनके अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने सभी आदिवासियों से आपसी मतभेद भुलाकर अपने हक और अधिकार के लिए लड़ने का आह्वान किया। गोंड महासभा के राष्ट्रीय महासचिव लोकेन्द्र सिंह कोमर्रा ने कहा कि आदिवासी दुनिया के रक्षक हैं, लेकिन आज उन्हें उनके गांव और घरों से बेदखल करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने आदिवासियों को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और संघर्ष करने की सीख देने पर जोर दिया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी समाज प्रदेश और देश का गौरव है। उन्होंने आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने पर जोर दिया।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शाम 4 बजे सामुदायिक भवन से भव्य रैली निकाली गई। इस रैली में पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी युवक-युवतियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। रैली को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे शांति और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। रैली में डीजे की धुन पर भी लोग जमकर थिरके। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी नेता, जनप्रतिनिधि और समाज के लोग मौजूद थे। मैनपुर, धवलपुर, राजापड़ाव, गौरगांव, धुरवागुड़ी, अमलीपदर, देवभोग, नवागढ़, जोबा, गरियाबंद समेत पूरे जिले से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए।





**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ये रहे शामिल**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदिवासी नेता गुजरात कमलेश, ग्वालसिंह सोरी, हरचंद नेताम, जबरसिंह, बेलोराम मांझी, सेवक दीवान, चरणसिंह, लंबोदर ध्रुव, नोकेलाल ध्रुव, प्रतापसिंह मरकाम, थंजुलता, लोकेश नेगी, कुशल सोरी, जमुना बाई, फुलचंद, अभिराम, डॉ. तनुजा ठाकुर, खिलेन्द्री फरस, वेतरीन ध्रुव, झरना मरकाम, कमलेश्वरी नागेश, कुसुम मरकाम, निर्मला नेगी, सीता नेगी, ईते"वरी, फुले"वरी, रेखा, हर्शलता, ममता, अनुसुईया ओटी, गीता ध्रुव, रमुला सोरी, तृप्ति नेताम, भावना नेताम, मोनिका नेताम, गजेन्द्र नेगी, सोहन नागेश, धनसिंह नेगी, गगन नेगी, सुभाश मरकाम, तरूण नागेश, युवराज नेताम, प्रदीप ध्रुव, योगेन्द्र मरकाम, लोकेश नेगी, योगेश, प्रेमसाय ध्रुव, सरपंच खेलन दीवान, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, सरपंच गज्जु नेगी, धरमीन बाई, बृजलाल सोनवानी, रिजवान बेग, तनवीर राजपूत, सहदेव सांडे, देवीसिंह कमलेश व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।






### शहीद जवानों को मुकेश ने किया नमन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में शहीद स्मारक अमर वीर शहीदों के नाम से बनाया गया संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने शहीद स्मारक खरोरा में अमर वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन किया।






# पेण्ड्रा पंचायत और हायर सेकेंडरी स्कूल ने निकाली हर घर, घर-घर तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा


भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप, स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, ग्राम पंचायत पेण्ड्रा और हायर सेकेंडरी स्कूल पेण्ड्रा ने मिलकर एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा में स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा' और भारत माता की जय के नारों के साथ निकाली गई इस यात्रा के दौरान बच्चों को तिरंगे के महत्व और उसके रंगों का मतलब भी समझाया गया। साथ ही, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और उनके द्वारा देश के लिए किए गए संघर्ष की कहानियां भी साझा की गईं। यह यात्रा पंचायत भवन से शुरू होकर पूरे गांव से गुजरती हुई हायर सेकेंडरी स्कूल में समाप्त हुई। इस आयोजन में सरपंच अजय कुमार ठाकुर, सचिव भूपेंद्र कुमार सेन, उप सरपंच सुंदरलाल नेताम और कई पंचों सहित स्कूल के 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, कई सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक भी इस यात्रा में शामिल हुए।











विज्ञापन एवं समाचार पत्र के लिए संपर्क करें- संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईया मो. 9589469068